O/C

Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited

CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः– BMSIC/80010/05-2012/9321

दिनांकः–03-03-2021

प्रेषक,

विनोद कुमार,
मुख्य महाप्रबंधक (परि०)

सेवा में,

श्री दिनेश सिंह,
वार्ड न०–15, हनुमंत नगर,
जिला–अररिया

विषयः– सदर अस्पताल, अररिया के परिसर में औषधि भंडार एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक कार्यालय–सह–आवास के भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण कालीकृत करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः–377, दिनांकः–20.08.2013, पत्रांक–92, दिनांकः–11.04.2014, पत्रांक–2640, दिनांकः–01.12.2014, पत्रांक–601, दिनांकः–25.05.2016, पत्रांक–4510, दिनांकः–30.03.2017, एवं पत्रांक–4560, दिनांकः–06.11.2019 एवं पत्रांक–4562, दिनांकः–06.11.2019।

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विषयांकित परियोजना का कार्यादेश दिनांकः–08.02.2013 को निर्गत किया गया था। कार्यादेश की कडिंका 5 के अनुसार भूखंड उपलब्धता की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि कमशः 06 माह अर्थात् 07.08.2013 एवं 12 माह अर्थात् 07.02.2014 तक निर्धारित थी, परंतु लगभग 07 वर्ष की अवधि समाप्त होने के उपरान्त भी कार्य सिर्फ भूतल छत की ढलाई तक हीं पुर्ण किया गया है। प्रारंभ से ही विषयांकित कार्य के प्रति आपकी अभिरूचि एवं संसाधनों की कमी के कारण कार्य की प्रगति धीमी पाई गई है एवं निर्माण कार्य बिना किसी कारण के कई बार बंद कर दिया गया है। विदित हो कि कार्य पूर्ण करने के संबंध में प्रासंगिक पत्रों के माध्यम से अनेंको बार आपको निदेशित किया गया फिर भी आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई यथोचित दिलचस्पी आज तक नहीं दिखाई गयी है, जो कार्य के प्रति आपकी घोर लापरवाही एवं शिथिलता को दर्शाता है।

विदित हो कि पूर्व में हीं निगम के पत्रांक संख्याः–BMSIC/80010/05–2012/4510 दिनांकः–30.03.2017 द्वारा विषयांकित परियोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने हेतु आपके फर्म को डिबार किया जा चुका है, फिर भी कार्य के प्रति आपकी लपारवाही यथास्थिति है।

अतः बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावाली, 2007 की कंडिका 11 (ii) के प्रावधान के आलोक में आपको पत्र निर्गत करने की तिथि से 03 (तीन) वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है। इस पर सक्षम प्रधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

विनोद कुमार 02/03/2021
(विनोद कुमार)

दिनांकः–03-03-2021

ज्ञापांकः– BMSIC/80010/05-2012/9321
प्रतिलिपिः– सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

विनोद कुमार 02/03/2021
(विनोद कुमार)

दिनांकः–03-03-2021

ज्ञापांकः– BMSIC/80010/05-2012/9321
प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

विनोद कुमार 02/03/2021
(विनोद कुमार)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288

दिनांकः–03-03-2021

ज्ञापांकः– BMSIC/80010/05-2012/9321

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/ प्रबंध निदेशक, आधारभूत सरंचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

(विनोद कुमार)

दिनांकः–03-03-2021

ज्ञापांकः– BMSIC/80010/05-2012/9321

प्रतिलिपिः– प्रबंध निदेशक, BMSICL, पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

(विनोद कुमार)

दिनांकः–03-03-2021

ज्ञापांकः– BMSIC/80010/05-2012/9321

प्रतिलिपिः– श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), BMSICL, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में पत्र को BMSICL, के वेबसाईट पर संवेदक के कलीकृत लिस्ट में प्रकाशित किया जाए।

(विनोद कुमार)

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288